लिये कोई और योजना बनाई गई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसकी मुख्य रूप-रेखा क्या है ?

**उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री ( श्री मोरारजी देसाई )** : (क) विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधि में अप्रैल-नवम्बर, 1967 में 600 लाख डालर की जो कमी हुई थी, उसके मुकाबले इस वर्ष की उसी अवधि में लगभग 340 लाख डालर की वृद्धि हुई। व्यापार के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से सितम्बर, 1968 तक की अवधि में हमारा निर्यात, 1967-68 की उसी अवधि के निर्यात की अपेक्षा 17½ प्रतिशत अधिक रहा। दूसरी ओर, उसी अवधि में आयात में लगभग 6 प्रतिशत कम रहा।

(ख) और (ग). सरकार विदेशी मुद्रा की स्थिति पर बराबर नजर रख रही हैं। विदेशी मुद्रा की स्थिति में सुधार करने की दृष्टि से निर्यात बढ़ाने और आयात की जाने वाली वस्तुओं के स्थान पर देश में पैदा होने वाली वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर उपाय किये गये हैं।

### भारत में आयुर्वेदिक तथा एलोपैथिक अस्पताल

3761. **श्री ओम प्रकाश त्यागी** : क्या स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं नगर विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में एलोपैथिक तथा आयुर्वेदिक अस्पतालों की संख्या इस समय कितनी कितनी है;

(ख) क्या यह सच है कि सरकार आयुर्वेदिक चिकित्सा की अपेक्षा एलोपैथिक चिकित्सा को अधिक महत्व दे रही है और इसके लिये अधिक सहायता देती है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**स्वास्थ्य, परिवार नियोजन तथा नगरीय विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री ब० सु० मूर्ति)** : (क) तीसरी योजना अवधि के अन्त में 14,600 अस्पताल तथा औषधालय थे। एलोपैथिक और आयुर्वेदिक अस्पतालों की अलग अलग संख्या तुरन्त उपलब्ध नहीं है।

(ख) और (ग). स्वास्थ्य राज्य का विषय है। यह सत्य है कि अधिकांश लोग विशेषतः शहरी क्षेत्रों में एलोपैथिक इलाज कराते हैं तथा एलोपैथिक अस्पतालों और औषधालयों का बाहुल्य है फिर भी कुछ राज्य सरकारें आयुर्वेदिक उपचार के हेतु अधिक सुविधाओं की व्यवस्था भी कर रही हैं।

### Decisions of Advisory Panel on Engineering Industry

3762. SHRI HIMATSINGKA
SHRI S. K. TAPURIAH:

Will the Minister of WORKS, HOUSING AND SUPPLY be pleased to state:

(a) Whether the re-constituted Advisory Panel on engineering industry, at its first meeting held in the third week of September, 1968 discussed the question of diversifying production with a view to developing and producing substitutes for items for which India depends on imports;

(b) if so, the decisions taken at the meeting for the purpose; and

(c) the major items for which India is to depend totally on imports ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WORKS HOUSING AND SUPPLY (SHRI IQBAL SINGH): (a) and (b): The question of maximum possible utilisation of domestic capacity

through import substitution was discussed in a general way and the representatives of the Engineering Industry were urged to diversify their production in fields where there was inadequate indigenous capacity.

(c) A statement indicating the major representative items furnished by the Directorate General of Technical Development for which India has broadly to depend on imports, is laid on the Table of the House. [*Placed in Library See* No. LT—2600 / 68.]

**Development Programmes For Calcutta**

3763 Shri S. K. TAPURIAH. Will the Minister of HEALTH, FAMILY PLANNING AND URBAN DEVELOPMENT be pleasd to state :

(a) whether during her visit to Calcutta in September. 1968, the Prime Minister discussed with the Governor and Officials the development programmes for Calcutta; and

(b) if so, the nature thereof and action taken thereon ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH, FAMILY PLANNING AND URBAN DEVELOPMENT (SHRI B. S. MURTHY): (a) and (b): The Governor of West Bengal met the Prime Minister in New Delhi on the 2nd September, 1968. It was decided at this meeting that the Government of India would provide an additional sum of Rs. 2. 3 crores for specific schemes of development in the Calcutta Metropolitan area to be settled in consultation with the State Government. During her visit to Calcutta later, in September; the Prime Minister did not have occasion to discuss the development programmes of Calcutta with the Governor and Officials of the West Bengal Government.

**आगरा में चावली वाली नहर का बढ़ाया जाना**

3764. **श्री शिवचरण लाल :** क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में चावली वाली छोटी नहर को सेनपान उप-नदी से बुढ़िया का ताल तक तीन मील और बढ़ाने के बारे में कुछ समय पूर्व सिफारिश की गई थी;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार ने क्या कार्यवाही की है;

(ग) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व सिचाई मंत्री ने 1964-65 में उक्त कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया था; और

(घ) यदि हां, तो क्या सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए छोटी नहर को और बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रबन्ध कर लिए गए हैं; यदि नहीं, तो इस के क्या कारण है ?

**सिचाई तथा विद्युत मंत्रालय में उप-मंत्री**

**श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** : (क) से (घ) रामगंगा परियोजना में उपकल्पित चावली वाली माईनर के लगभग १ मील 6 फर्लांग के विस्तार-कार्य को, उत्तर प्रदेश सरकार इसके लिए अपेक्षित भूमि के उपलब्ध हो जाने के शीघ्र बाद हाथ में ले लेगी। राज्य सरकार भूमि को अर्जित करने के लिए कार्रवाई कर रही है।

**Remittences sent abroad**

3765. SHRI JYOTIRMOY BASU: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) The total amount remitted abroad as (i) profits, (ii) royalties, (iii) fees, (iv) commissions, and (v) interests from India from 1948-49 to 1967-68, year-wise; and

(b) The share of private sector companies in the total remittances from 1948-49 to 1967-68, year-wise ?

THE DEPUTY PRIME MINISTER AND MINISTER OF FINANCE (SHRI MORARJI DESAI) : (a) and (b). A statement showing the remittances made abroad since 1956-57 under various heads